प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 11 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 22 जनवरी 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने कटरा और ऊधमपुर शहरों के आस-पास तथा कटरा से सेन ब्राम्हण - नगरोटा होते हुए ऊधमपुर राजमार्ग और दिल्ली के कटरा रेलवे मार्ग पर नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिसंबर 2025 के महीने के दौरान व्यापक राजमार्ग, शहरी एवं रेल्वे मार्गो को कवर करते हुए जेएंडके लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

08 दिसंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 209.0 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 06 हॉटस्पाट स्थानों, 7.1 किलोमीटर वॉक टेस्ट 43.7 किलोमीटर हाईवे टेस्ट, 01 जगह पर इंटर आपरेटर कालिंग और दिल्ली से कटरा के बीच 654.0 किलोमीटर रेलवे ड्राईव टेस्ट करते हुए विस्तृत टेस्ट किए।मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**


क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/ अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 97.28%, 82.65%, 98.39% और 93.11% है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः3.46%, 11.36%, 2.45% और 2.69% है।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन का सारांश:** सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (%में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (% में),एमओएस: मीन ओपिनियन स्कोर ।



## सारांश - वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 97.28%, 82.65%, 98.39% और 93.11% है।

**कॉल सेटअप टाइम:**ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः1.56, 3.38, 0.80 और 1.14 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 3.46%, 11.36%, 2.45% और 2.69% है।

**कॉल साइलेंस/ म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः1.55%, 3.86%, 1.26% और 0.99% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 4.00, 2.83, 4.44 और 3.74 है।

## सारांश - डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 114.63 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.70 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 216.24Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 17.00 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 18.74 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 2.01 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 21.60 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 9.59 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 30.72 ms, 31.46 ms, 27.02 ms, और 30.21 ms है।

| **डाटा निष्पादन -** | **हौट स्पॉट (Mbps में):** | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 28.82 | 4G U/L: 9.26 |
| | 5G D/L: 116.92 | 5G U/L: 30.73 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 8.58 | 4G U/L: 4.49 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 35.17 | 4G U/L: 8.07 |
| | 5G D/L: 197.79 | 5G U/L: 22.27 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 17.82 | 4G U/L:13.35 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

कटरा और ऊधमपुर शहरों में नेटवर्क के मूल्यांकन में कटरा रेलवे कॉलोनी, सुमदरानी, कोटला, धीर, अरली हंसाली, चक रकवालान, हिम्बरा, गढ़ी, लादान, रख थानुआ, मोहर, तोर्डी, माडा, सांगेट, कुड और पटनीटॉप जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने बस स्टैंड कटरा, कोर्ट कॉम्प्लेक्स ऊधमपुर, कटरा रेलवे स्टेशन, पटनीटॉप, श्री माता वैष्णो देवी यूनीवर्सिटी और ऊधमपुर बस स्टैंड आदि जगहों पर वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

10 और 11दिसंबर 2025 को कटरा और ऊधमपुर शहर में आयोजित किए गए वाक टेस्ट में गोल मार्केट ऊधमपुर, ओल्ड/ न्यू मार्केट कटरा पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के व्यवहार को दर्शाते हैं।

सेन ब्राह्मण, कपड़ चांग, नगरोटा, बरियाल और सेवाली आदि से गुजरते हुए कटरा से ऊधमपुर राजमार्ग मार्ग पर भी टेस्ट किया गया था ताकि हाई-स्पीड ट्रांजिट में मोबाइल नेटवर्क के अनुभव का आकलन किया जा सके।

नई दिल्ली से कटरा तक अंबाला कैंट जंक्शन, लुधियाना जंक्शन, कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन से गुजरते हुए रेलवे मार्ग भी संचालित किया गया था ताकि हाई स्पीड ट्रांजिट में मोबाइल नेटवर्क अनुभव का किया जा सके।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली) भादूविप्रा से ईमेल adv.ca@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

(विवेक खरे)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., दिल्ली